पत्र संख्या-चरित्र पंजिका सेल-सामान्य पत्र व्यवहार-2021-22// 695 //वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश,
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ // दिनांक // जून, 02 2021

1-समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
2-समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक)
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कृपया अधोहस्ताक्षरी के परिपत्र संख्या-543 दिनांक 27-05-2021 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें जिसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अराजपत्रित श्रेणी के कार्मिकों की वार्षिक प्रविष्टियाँ स्वीकर्ता अधिकारी का मन्तव्य अंकित कराते हुये प्रत्येक दशा में दिनांक 30.06.2021 तक मुख्यालय को उपलब्ध करा दी जाए।

उपरोक्त के अतिरिक्त अधिकांश कार्मिकों की वर्ष 2019-20 तथा इससे पूर्व की अवधि की वार्षिक प्रविष्टियां भी अभी तक अप्राप्त हैं। जबकि इस सम्बन्ध में मुख्यालय के पत्र सं0-5944 दिनांक-16.03.2020 तथा अनुस्मारक पत्रांक-1221 दिनांक-18.08.2020 एवं अनुस्मारक पत्रांक-3464 दिनांक 21.12.2020 द्वारा भी वर्ष 2019-20 तक की वार्षिक प्रविष्टियों की मूलप्रतियाँ निर्धारित समयावधि में नियमानुसार भिजवाये जाने के निर्देश दिये जा चुके हैं।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आपके परिसम्भाग / सम्भाग के अन्तर्गत तैनात अराजपत्रित श्रेणी के कार्मिकों की अब तक पूर्ण न की जा सकी वार्षिक प्रविष्टियाँ यथाशीघ्र एक सप्ताह के अन्दर भिजवाये जाने के साथ-साथ वर्ष 2020-21 की वार्षिक प्रविष्टि एवं यदि किसी कार्मिक को पूर्व के वर्षों में अथवा वर्तमान में कोई प्रतिकूल प्रविष्टि/दण्डादेश प्रदान किया गया हो तो उसके तामीली/ प्रत्यावेदन आदि के निस्तारण की स्थिति की सूचना कृपया उपरोक्त परिपत्र दिनांक-27.05.2021 में दिये गये दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये प्रत्येक दशा में दिनांक-30.06.2021 तक चरित्र पंजिका में नियमानुसार चस्पा कराये जाने हेतु अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक ।। उक्त।

प्रतिलिपि ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

(पी0 एन0 यादव)
ज्वाइन्ट कमिश्नर(स्था0 अराज0) वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।

Dcomm
Dc(st)
3-6-21